प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया संवाद–छोटे स्टार्टअप से उद्यमशीलता के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–एडीबी के सहयोग से पर्यटन विकास परियोजनाओं पर खर्च की जा रही है दो हजार 3 सौ करोड़ से अधिक की राशि।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा–प्रदेश में हिमकेयर योजना रहेगी जारी।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में चार दिवसीय अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कब्बडी प्रतियोगिता शुरू।
- हिमाचल प्रदेश में किसानों व बागवानों को मौसम की स्टीक जानकारी प्रदान करने के लिए कुफरी, जोत व मुरारी देवी में डॉपलर राडार किए गए स्थापित।

प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं।

प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से बुनियादी नियमों जैसे कि कूड़ा न फैलाना, सड़कों पर नहीं थूकना, यातायात नियमों का पालन करना और भोजन की बर्बादी से बचना आदि का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित दैनिक व्यवहार राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय उत्पादों का चयन घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में एशियन विकास बैंक एडीबी के सहयोग से पर्यटन विकास परियोजनाओं पर 2 हजार 3 सौ 50 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। शिमला में आज पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल पर्यटन को ब्रांड के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से राज्य की आर्थिकी सुदृढ़ होगी और रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए कनेक्टिविटी व अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पर्यटन विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज आईजीएमसी शिमला में अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बैठक में बढ़ती लागत और संसाधनों के बेहतर रखरखाव को देखते हुए शुल्कों में संसाधन का निर्णय लिया गया। इसके अलावा टेस्टों के शुल्क में बढ़ौतरी सहित स्पेशल वार्ड के दाम बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया, वहीं एमआरआई और पैट स्कैन की जांच के नये रेट को भी मंजूरी दी गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आरकेएस के कर्मचारियों को 6ठा वेतनमान लागू करने और आठ साल का अनुबंध पूरा करने वाले कर्मचारियों को नियमित वेतनमान देने की मंजूरी के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। शांडिल ने बताया कि राज्य सरकार हिमकेयर और आयुष्मान योजना की देनदारियां को चुका रही है, ताकि लोगों को इलाज में बाधा न आए।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज विधानसभा सचिवालय में आयोजित याचिका समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कुलदीप पठानिया ने कहा कि समिति के समक्ष राजस्व विभाग की 11, वन विभाग की 4 और गृह विभाग की एक याचिका प्रस्तुत की गई। जिनमें से राजस्व विभाग की 5 याचिकाओं का बैठक में ही निपटारा किया गया। इसके अलावा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की 3 याचिकाएं भी सुनवाई के लिए प्रस्तुत की गई।

प्रतियोगिता

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में आज से चार दिवसीय अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कब्बड़ी प्रतियोगिता आरंभ हुई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में देशभर के 15 विश्वविद्यालायों की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जीवन में कठिन परिश्रम से अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने देश की बढ़ती आर्थिक शक्ति व 2047 तक विकसित भारत के विजंन का भी उल्लेख किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भारत लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और अपनी पहचान बना रहा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि वे केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस का कार्य जल्द शुरू करवाने के लिए सरकार से बार–बार आग्रह कर रहे हैं। उन्होने कहा कि आगामी बजट सत्र में भी इस मामले को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

इंदु बाला

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों को मौसम की स्टीक जानकारी प्रदान करने के लिए शिमला जिला के कुफरी, चंबा के जोत और मंडी जिला के मुरारी देवी में डोप्पलर राडार स्थापित किए गए हैं। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने संसद में ये जानकारी दी। जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों और बागवानों को आंधी, तूफान और चक्रवात जैसी मौसम संबंधी जानकारी देने के लिए मंत्रालय ने मिशन मौसम भी लॉंच किया है। उन्होंने इंदु बाला गोस्वामी को बताया कि हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों में 47 डोपलर वेदर राडार स्थापित किए गए हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया संवाद–छोटे स्टार्टअप से उद्यमशीलता के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–एडीबी के सहयोग से पर्यटन विकास परियोजनाओं पर खर्च की जा रही है दो हजार 3 सौ करोड़ से अधिक की राशि।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा–प्रदेश में हिमकेयर योजना रहेगी जारी।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में चार दिवसीय अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला कब्बडी प्रतियोगिता शुरू।
- हिमाचल प्रदेश में किसानों व बागवानों को मौसम की स्टीक जानकारी प्रदान करने के लिए कुफरी, जोत व मुरारी देवी में डॉपलर राडार किए गए स्थापित।